राजकीय रेलवे पुलिस मुख्यालय उत्तर प्रदेश

5वाँ तल इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ - 226001

पत्र संख्या:पीआर-30-217/2013 (9755) दिनांक:अक्टूबर 23 ,2013

पुलिस महानिरीक्षक स्थापना,
मुख्यालय पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0 लखनऊ।

कृपया दिनांक 21-10-2013 को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई गोष्ठी का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो हावडा-अमृतसर एक्सप्रेस में रेलवे स्टेशन लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर पर दैनिक यात्रियों द्वारा महिलाओं के साथ की गई छेड़-छाड़ एवं पथराव की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0-48/2011 में माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ लखनऊ में योजित याचिका संख्या-9543(एमबी)/2011 के सम्बन्ध में है।

2- उक्त याचिका की सुनवाई करते समय अन्य निर्देशों के साथ-साथ मा0 उच्च न्यायालय द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एक महत्वपूर्ण निर्देश यह भी दिया गया है कि महिला यात्रियों की सुरक्षा हेतु पुलिस स्टेशन/प्लेटफार्म पर महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाय। इस क्रम में दिनांक 21-10-2013 को आहूत उक्त गोष्ठी में पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा जनपद पुलिस से राजकीय रेलवे पुलिस में महिला उ0नि0-20 एवं महिला आरक्षी-200 अतिरिक्त स्थानान्तरित किये जाने की सहमति व्यक्त की गयी है।

3- उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि महिला यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु राजकीय रेलवे पुलिस उ0प्र0 के विभिन्न अनुभागों के अन्तर्गत प्रारम्भ में 16 महत्वपूर्ण बड़े स्टेशनों पर महिला पुलिस कर्मियों को संलग्न विवरण के अनुसार नियुक्त किये जाने की आवश्यकता है।

4- अत: अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार यथासंभव इच्छुक महिला पुलिस कर्मियों को जनपदीय पुलिस से राजकीय रेलवे पुलिस में स्थानान्तरित किये जाने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोपरि।

23/10/13

(वीरेन्द्र कुमार)
अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे
उ0प्र0 लखनऊ

प्रतिलिपि-

पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के सहायक, उ0प्र0 लखनऊ को पुलिस महानिदेशक महोदय के संज्ञान में लाने हेतु प्रेषित।

राजकीय रेलवे पुलिस में महिला पुलिस कर्मियों की आवश्यकता का पदवार विवरण

संख्या	जीआरपी अनुभाग	थाना जीआरपी	उपनिरीक्षक	मुख्य आरक्षी	आरक्षी
1	अनुभाग लखनऊ	चारबाग	03	02	15
2		फैजाबाद	01	02	08
1	अनुभाग आगरा	आगरा कैन्ट	01	01	12
2		आगरा फोर्ट	01	02	12
3		मथुरा	01	02	10
4		अलीगढ़	01	01	06
1	अनुभाग इलाहाबाद	इलाहाबाद	02	02	15
2		वाराणसी	01	02	12
3		कानपुर	02	02	12
4		मुगलसराय	01	02	10
1	अनुभाग गोरखपुर	गोरखपुर	01	02	10
1	अनुभाग मुरादाबाद	मुरादाबाद	01	02	12
2		गाजियाबाद	01	02	10
3		बरेली जं0	01	02	08
4		मेरठ	01	02	08
1	अनुभाग झांसी	झांसी	01	02	10
	योग–		20	30	170